गुरु नानक कॉलेज,

धनबाद हिंदी- विभाग के द्वारा शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम का आयोजन।

आज दिनांक 03 सितंबर 2023 (रविवार) को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के हिंदी- विभाग द्वारा कॉलेज के भूदा कैंपस के रुसा सेमिनार कक्ष में शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग में अध्ययनरत पचास की संख्या में छात्रों एवं उनके अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रो.संजय प्रसाद ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी , एन.एस.एस, एन.सी.सी, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्र पर शैक्षणिक एवं छात्र हित संबंधित सुझाव दर्ज किए। विभागाध्यक्ष सोनू प्रसाद यादव ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने संबोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों से संबंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी। समारोह में उपस्थित अभिभावक की ओर से विभाग के द्वारा किए गए, इस कार्यक्रम को सराहा गया। सिमरन श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के बैंक मोड़ शाखा की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. प्रो. रंजना दास तथा प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह (भूदा कैंपस), प्रो.दीपक कुमार, प्रो.दलजीत सिंह, प्रो. सरिता मधेसिया,प्रो.अभिषेक सिन्हा,प्रो. करुणा सिंह उपस्थित रहीं तथा अन्य विभाग के शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

Picture Gallery

GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
A Sikh Minority Degree College Affiliated to BBMK University, Dhanbad
NAAC Accredited 'B' Grade
Welcome Parents
to
Parent - Teacher Meeting
Organized by
Parent
Teacher
Connect
Student
Time : 12:00 pm onwards
GLOBUS